भोपाल | रविवार | 27 जुलाई 2025 | वर्ष 69 | अंक 173 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


5 चीन के ख़िलाफ़ भारत को मोहरा बनाने की कोशिशें विफल


6 कर्ज के छलावे में छलते हमारे अन्नदाताओं की व्यथा-कथा


7 विश्व में समकालीन ज्योतिष का विस्तारित ब्रह्मांड


8 यूएई में होगा टी20 एशिया कप

# भारत-मालदीव संबंधों में नई ऊर्जा

## दोनों देशों के बीच आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी भागीदारी : मोदी

- भारत ने रक्षा बल को 72 वाहन व उपकरण सौंपे
- 6 समझौतों पर दोनों देशों ने किए हस्ताक्षर



**माले/नयी दिल्ली, 26 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मालदीव की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के अंतिम दिन वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भेंट की. इन मुलाकातों में भारत-मालदीव मैत्री, क्षेत्रीय विकास, संरचना निर्माण, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा हुई.**

प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. दोनों देशों ने मत्स्य पालन, कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल अवसंरचना, भारतीय फार्माकोपिया अन्य में 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए. शनिवार देर शाम मोदी भारत के लिए रवाना हुए.

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मालदीव की इस सार्थक यात्रा के समापन पर मैं राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू, मालदीव की सरकार और जनता को उनकी गर्मजोशी के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ. 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का साक्षी बनकर मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है. राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू के साथ सार्थक वार्ता हमारे द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण ऊर्जा का संचार करेगी.

उल्लेखनीय है कि मोदी 23 जुलाई को दोनों देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना हुए थे. मोदी का माले से सीधे तमिलनाडु में तूतीकोरिन जाने का कार्यक्रम है जहां वह 4800 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात को सार्थक बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की भागीदारी आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी. उन्होंने मालदीव को पड़ोसी पहले नीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया और कहा कि भारत क्षमता निर्माण और विकासात्मक सहयोग में मालदीव का सतत समर्थन करता रहेगा. पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने मिलकर मालदीव के रक्षा मंत्रालय की नई अत्याधुनिक इमारत का उद्घाटन किया. भारत ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल को 72 वाहन व उपकरण सौंपे. इस दौरान भारत ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये का ऋण भी प्रदान किया. इसके अलावा 6 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाएं, 3300 आवास इकाइयों, अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी, और यूपीआई सेवा जैसे क्षेत्रों में समझौते हुए. भारत ने मालदीव के ऋण भुगतान दायित्व को 40 प्रतिशत तक कम कर 51 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटाकर 29 मिलियन डॉलर कर दिया है. यह यात्रा भारत-मालदीव संबंधों में साझेदारी, सौहार्द और सामरिक सहयोग का नया अध्याय लेकर आई है.

### मोदी ने दी कारगिल विजय दिवस पर शुभकामनाएं

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखें एक पोस्ट में कहा, कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ. यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का उनका जुनून हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा. जय हिंद!

> स्वतंत्रता दिवस समारोह दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने कहा कि उनकी सरकार किसी भी देश को मालदीव के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगी. उन्होंने यह बयान मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और पुलिस सेवा (एमपीएस) के संयुक्त समारोह में दिया. राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने देश की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मनिर्भर रक्षा नीति पर बल देते हुए कहा कि मालदीव की सीमाओं की रक्षा की जिम्मेदारी स्वयं मालदीववासियों की है. हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि तकनीकी विशेषज्ञता और संसाधनों के लिए मालदीव को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है.

## एक नजर में



### सीमा पार से 50 करोड़ की हेरोइन जब्त

**अमृतसर.** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 10 किलो हेरोइन बरामद की है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है. डीजीपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन, जो सीमावर्ती क्षेत्र के एक गाँव से सक्रिय है.

### आगरा धर्मांतरण गिरोह के पाकिस्तान से जुड़े तार

**नयी दिल्ली.** आगरा में अवैध धर्मांतरण मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने बताया कि अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इस पूरे नेटवर्क के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं. पाकिस्तान के दो इन्फ्लुएंसर - तनवीर अहमद और साहिल अदीब - इस गैंग के मास्टरमाइंड हैं. भारत में अब्दुल रहमान जैसे एजेंट क्रिप्टो और डॉलर के जरिए फंडिंग कर रहे थे. गिरोह ने 14-17 साल के लड़के-लड़कियों को निशाना बनाया. ऑनलाइन गेम, सिग्नल ऐप और डार्क वेब के जरिए संपर्क कर ब्रेनवॉश किया जाता था. लड़कियों को कश्मीर बुलाया जाता, जहां कश्मीरी लड़कियां धर्मांतरण करातीं और खर्च भी खुद उठातीं.

### इसरो-नासा का निसार मिशन 30 जुलाई को

**नयी दिल्ली.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का संयुक्त उपग्रह मिशन निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) अब 30 जुलाई को शाम 5-40 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भूस्थैतिक उपग्रह प्रक्षेपण यान-एफ16 के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा. करीब 12,500 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह उपग्रह हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी का स्कैन करेगा. यह उपग्रह दिन-रात और हर मौसम में अत्यंत सूक्ष्म बदलावों का पता लगाने में सक्षम होगा. यह वनों की कटाई, बर्फ की चादरों के खिसकने, समुद्री स्तर में बदलाव, भूकंप, तूफान, मिट्टी की नमी तथा जल संसाधनों की निगरानी करने में मदद करेगा.

# ईडी का यूको बैंक के पूर्व सीएमडी को संपत्ति की कुर्की का नोटिस



**कोलकाता, 26 जुलाई. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार यूको बैंक के सीएमडी सुबोध कुमार गोयल और उनके पारिवारिक सदस्यों और अन्य की 106.26 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति की कुर्की का नोटिस जारी किया है जो इस धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल थे.**

इसके अतिरिक्त गोयल, उनके परिवार के सदस्यों, निकट सहयोगियों और अन्य संबंधित कंपनियों के खिलाफ कोलकाता में विशेष मनी लांड्रिग निरोधक अधिनियम अदालत के समक्ष एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की गई है. सीबीआई की बैंक प्रतिभूति और धोखाधड़ी शाखा ने कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड और उसके निदेशकों/प्रमोटरों के खिलाफ विभिन्न धोखाधड़ी प्रथाओं के माध्यम से बैंकों/वित्तीय संस्थानों को 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी. इसके बाद ईडी ने इसी आधार पर जांच शुरू की थी. ईडी ने कहा कि इन अनियमितताओं में धन को किसी दूसरी जगह भेजना, धन की हेराफेरी, बढ़े हुए स्टॉक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना, बैलेंस शीट में गड़बड़ी आदि शामिल हैं. इस दौरान आरोपी व्यक्तियों ने बैंकों/एफआई से 6210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है. सुबोध कुमार गोयल को इस मामले में 6 मई 2025 को सीएसपीएल को 1460 करोड़ रुपये से ज़्यादा के रिण स्वीकृत करने में कथित तौर पर अहम भूमिका निभाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

## डेल्टा लिमिटेड की 15 .47 करोड़ की संपत्ति जब्त

**कोलकाता.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के एक मामले में डेल्टा लिमिटेड और अन्य की 15 .47 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं. आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि ईडी ने गुरुवार को कंपनी और सात अन्य के खिलाफ कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत एक विशेष अदालत में अंतिम आरोपपत्र भी दायर किया. केंद्रीय धन शोधन निरोधक एजेंसी ने कोलकाता के हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की जो नियमित वेतन कटौती के बावजूद भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाने वाली रिट याचिकाओं पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद शुरू की गई थी.

# देश के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली,26 जुलाई. मानसून ने देशभर में रफ्तार पकड़ ली है. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों तक देश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है.**

गुजरात, महाराष्ट्र, कोंकण, गोवा, मध्य प्रदेश, मराठवाड़ा और विदर्भ में मूसलधार बारिश की संभावना जताई गई है. पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैंड और मिजोरम में भी तेज वर्षा के आसार हैं.

लगातार बारिश और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश में 700 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. कई इलाकों में सड़कें बंद हैं और बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है. प्रशासन ने राहत-बचाव कार्य तेज कर दिए हैं. दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री तक पहुंच सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश की संभावना 82 फीसदी है लेकिन उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है.

# गोली का जबाव गोला से मिलेगा



**नयी दिल्ली, 26 जुलाई. सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है.**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी मे आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, जबसे मोदी ने प्रधानमंत्री के रुप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी तो इधर से गोला चलेगा. ये आज भारत का न्यू नॉर्मल हो गया है. उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हलमलों और उन पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा, 'भारत विस्तारवादी नहीं है, राइट टू रिटैलियेट (घात करने वाले पर प्रतिघात) अब हमारा न्यू नार्मल (नया नियम) हो गया है.

## गुमला में 3 नक्सली ढेर

**नयी दिल्ली.** झारखंड के गुमला जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जेजेपीएम (झारखंड जनमुक्ति परिषद) के कमांडर समेत तीन नक्सली मारे गए हैं. पुलिस ने मौके से इंसास राइफल, एके-47 और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं. पुलिस ने बताया कि मारे गए तीनों नक्सली जेजेएमपी से संबंधित थे. जेजेएमपी, भाकपा (माओवादी) से अलग हुआ समूह है. उन्होंने बताया कि सुबह घाघरा क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी. नक्सलियों के पास से एक एके-47 समेत कई हथियार बरामद हुए हैं.

**कारगिल विजय दिवस** | 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है

# भारत की वीरता-बलिदान और गौरवगाथा का प्रतीक



**नयी दिल्ली,26 जुलाई. 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है. यह दिन कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो भारतीय सेना के अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और अपराजेय राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है.**

आज से 26 वर्ष पहले, 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध छिड़ा था, जो लगभग 85 दिनों तक चला और अंततः 26 जुलाई को भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय के साथ समाप्त हुआ.

युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 को हुई थी, जब पाकिस्तान के सैनिकों और आतंकवादियों ने चुपके से कारगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया था. ये पहाड़ियां सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थीं. जवाब में भारत ने ऑपरेशन विजय शुरू किया, जिसके तहत सेना ने कठिन भौगोलिक और मौसम संबंधी परिस्थितियों के बावजूद बर्फीली चोटियों पर विजय प्राप्त की. इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जो पराक्रम दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में अमर है. कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडे जैसे वीरों की शौर्यगाथा आज भी देशवासियों को गर्व और प्रेरणा से भर देती है.

> कैप्टन विक्रम बत्रा, जो ये दिल मांगे मोर के नाम से मशहूर हुए, ने 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स की कमान संभालते हुए प्वाइंट 5140 और 4875 पर दुश्मनों को धूल चटा दी. अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने घायल साथियों को बचाया और दुश्मन के बंकर नष्ट किए. वहीं, 1/11 गोरखा राइफल्स के कैप्टन मनोज पांडे ने बटालिक सेक्टर में चार दुश्मन बंकरों को अकेले ध्वस्त किया. उनके शरीर पर कई गोलियां लगीं, फिर भी उन्होंने अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी.

